प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 23.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- **जैक बोर्ड ने दसवीं की परीक्षा का परिणाम किया जारी, पूरे राज्य में 95 दशमलव दो सात प्रतिशत बच्चे हुए सफल। चार विद्यार्थी समान अंक लाकर बने स्टेट टॉपर।**
- **रांची में आयोजित प्रेस ब्रीफींग में तेल विपणन कंपनियों ने कहा– झारखंड में बिना किसी बाधा के पेट्रोलियम पदार्थों की हो रही आपूर्ति।**
- **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डा परिसर में निर्माणाधीन स्टेट हैंगर का किया निरीक्षण, निर्माण कार्य में आधुनिक तकनीक के उपयोग पर दिया जोर।**
- **राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अलग से महिला नीति बनाने पर दिया जोर, बजट में राशि के प्रावधान पर दिया जोर।**
- **मौसम विभाग ने राज्य में भीषण गर्मी के बीच अगले 48 घंटों में मौसम में बदलाव की जतायी संभावना, कई जिलों में गर्जन, वज्रपात और ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी।**

****

झारखंड अधिविद्य परिषद–जैक बोर्ड ने दसवीं की परीक्षा का परिणाम आज जारी कर दिया। पूरे राज्य में 95 दशमलव दो सात प्रतिशत बच्चों ने सफलता पायी है। वहीं गुमला जिला सबसे अधिक **99 दशमलव तीन–दो प्रतिशत** सफलता दर के साथ अव्वल रहा। परीक्षा में प्रियांशु कुमारी, शिवांगी कुमारी, प्रेम कुमार साहू और सन्नी कुमार वर्मा **99 दशमलव छह–शून्य** प्रतिशत के साथ स्टेट टॉपर बने, जबकि दिव्यांशु उरांव, खिलेश साहू, वैष्णवी श्री और जूलिता मिंज **99 दशमलव दो शून्य** प्रतिशत के साथ दूसरे नंबर पर हैं। वहीं महताब अंसारी, प्रीत राज, अमिशा कुमारी और दीप्ती रानी **98 दशमलव आठ शून्य** प्रतिशत अंक के साथ राज्य में तीसरे नंबर पर रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सफल छात्रों को बधाई दी। वहीं अपेक्षित परिणाम नहीं पाने वाले विद्यार्थियों से आगे बेहतर प्रयास करने की अपील की।

****

पीआईबी और तेल विपणन कंपनियों ने आज झारखंड में पेट्रोल–डीजल और रसोई गैस की उपलब्धता से जुड़ी जानकारी साझा की। रांची के नामकुम में आयोजित प्रेस ब्रीफींग में इंडियन ऑयल के मंडल विक्रय प्रमुख सह उप महाप्रबंधक प्रदीप पॉल बताया कि झारखंड में पेट्रोलियम पदार्थों की सप्लाई बिना किसी बाधा के हो रही है। रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल का स्टॉक भी पर्याप्त है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में बिरसा मुंडा हवाई अड्डा परिसर में निर्माणाधीन स्टेट हैंगर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को इसे समय से पूरा करने का निर्देश दिया। श्री सोरेन ने निमाण कार्य में आधुनिक तकनीक के उपयोग और नियमित निगरानी पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव अविनाश कुमार सहित भवन निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी थे।

****

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से 9 अप्रैल से आयोजित 8वां राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा का आज समापन हो गया। इस वर्ष का मुख्य फोकस जीवन के पहले छह वर्षों में कुपोषण कम करना रहा।

****

गिरिडीह जिले की उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने जिले के सभी सरकारी भवनों को प्राथमिकता के आधार पर पीएम सूर्यघर योजना से आच्छादित करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया है। उन्होंने कहा कि इससे सरकारी स्तर पर सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 26 अप्रैल को सवेरे 11 बजे आकाशवाणी के श्मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मन की बात कार्यक्रम की 133वीं कडी होगी। इसका प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और **न्यूज़ऑनएयर** मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

****

राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महिला नीति बनाने पर जोर दिया है। रांची में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सिर्फ लाइवलीहुड से जोड़कर सशक्त नहीं बनाया जा सकता, बल्कि इसके लिए एक समग्र नीति बनाने की जरूरत है। इसके साथ ही बजट में महिलाओं के लिए फंड का प्रावधान होना चाहिए।

****

पाकुड़ जिले में महिलाओं का स्वावलंबी बनाने के लिए उनके सशक्तिकरण का कार्य जोर शोर से चल रहा है।

****

साहिबगंज जिले के भाजपा कार्यालय में आज अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री मिस्फीका हसन ने कहा कि कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को समर्थन नहीं दिया। उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल को रांची में इसके विरोध में धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

****

पंचायती राज विभाग की निदेशक बी. राजेश्वरी ने आज रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को कल टाना भगत स्टेडियम, खेलगांव में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

****

सरायकेला खरसांवा जिले के स्थानीय बिरसा मुंडा स्टेडियम में उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह और नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज चौधरी ने नवनिर्मित वॉलीबॉल, लॉन टेनिस तथा बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन किया। साथ ही खिलाड़ियों को खेल सामग्री उपलब्ध कराने के लिए **"खेल बैंक"** का भी शुभारंभ किया।

****

मौसम विभान ने राज्य में भीषण गर्मी के बीच अगले 48 घंटों में मौसम में बदलाव की संभावना जताई है। विभाग ने कई जिलों में गर्जन, वज्रपात और ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी संभावना है। पिछले 24 घंटों में चाईबासा और सरायकेला में अधिकतम तापमान 43 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि रांची में अधिकतम तापमान 38 दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

*****समाप्त*******